# बीता जाए सांवरे हर महीना हर साल | By Janvi Agarwal

बीता जाए सांवरे हर महीना हर साल
तू एक बार देख ले बाबा तेरे भक्त का है बुरा हाल

तेरे दरश को पाने खातिर आंखियां बहुत तरसती हैं
तेरी याद में आँखें बाबा बस दिन रात बरसती हैं
तेरे दर्श के खातिर बाबा दर बैठा तेरा लाल

तू ही शंकर तू ही ब्रह्मा तू ही कृष्ण कन्हैया है
देदे सहारा श्याम सांवरे बीच भवर में नैया है
ना रही सांवरे मन में मेरे मोह माया जंजाल

हर जीवन में श्याम सांवरे तुझको ही बस पाऊं मैं
इतनी दया कर देना सांवरे खाटू में बस जाऊं मैं
तू बन कर साथी बाबा इस जीवन को संभाल

दुनिया की परवाह नहीं जाह्नवी गुण तेरे गाती है
हर ग्यारस पे श्याम सांवरे तेरे दर पर आती है
इस अविनाश के बाबा हर संकट को तू टाल
बीता जाएँ सांवरे..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a5%80%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%8f-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b9/